हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 नगर पालिका ने नगर निगम बनाने का प्रस्ताव भोपाल भेजा



09 नागरिकों को व्यापारी संघ व प्रशासन से सोहागपुर बाजार...



खबर संक्षेप

शिक्षक पात्रता परीक्षा 20 दिसंबर को

नर्मदापुरम। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा 20 दिसंबर को शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। मंडल के सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केंद्रों में होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के संबंध में अलग से दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

राजनीतिक दलों की बैठक गुरुवार को

नर्मदापुरम। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर को किया जाएगा। जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136-सिवनीमालवा, 137-होशंगाबाद, 138-सोहागपुर एवं 139-पिपरिया की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन जिला कार्यालय, संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा प्रत्येक मतदान केंद्र पर किया जाएगा। नागरिक संबंधित कार्यालयों एवं मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का अवलोकन कर सकेंगे।

पचमढ़ी में विकास कार्यों और पर्यटन सुविधाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

महादेव मार्ग और धूपगढ़ सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पचमढ़ी पहुंचकर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पचमढ़ी पहुंचकर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, पर्यटन स्थलों, उद्यानिकी विभाग के पार्क एवं नर्सरी तथा साडा द्वारा संचालित न्यू होटल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और पर्यटकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महादेव मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क और धूपगढ़ तक बनाई जा रही सड़क की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दोनों सड़कों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।



पार्क और नर्सरी को पर्यटन से जोड़ने की योजना

कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के पार्क एवं नर्सरी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं और विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को इन स्थलों को व्यवस्थित एवं आकर्षक रूप से विकसित कर पचमढ़ी के पर्यटन सर्किट से जोड़ने के निर्देश दिए। इससे पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण में भ्रमण का एक नया विकल्प मिल सकेगा और क्षेत्र की पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

पाइन ट्री कॉरिडोर में विकसित होगा फुटपार्क

पचमढ़ी में प्रस्तावित मॉल रोड का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने पाइन ट्री कॉरिडोर में फुटपार्क विकसित करने के निर्देश दिए। इसका उद्देश्य पर्यटकों के लिए पैदल भ्रमण की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि वे पचमढ़ी के प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण का आनंद ले सकें। निरीक्षण के साथ कलेक्टर ने पचमढ़ी क्षेत्र से जुड़े लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा भी की। उन्होंने एसडीएम पिपरिया को सभी प्रकरणों का बारीकी से परीक्षण कर उनके निराकरण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। प्रत्येक प्रकरण में समय-सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने और आवश्यकता पड़ने पर प्रदेश स्तर के संबंधित विभागों से मार्गदर्शन लेने को कहा। कार्ययोजना के आधार पर नियमित समीक्षा कर प्रकरणों का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

न्यू होटल व राजेंद्र गिरि में सुविधाओं पर जोर

साडा द्वारा संचालित न्यू होटल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने साफ-सफाई, ठहरने की सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होटल में आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा राजेंद्र गिरि में साडा द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्यों को भी निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही निरीक्षण के साथ कलेक्टर ने पचमढ़ी क्षेत्र से जुड़े लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा भी की।

अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

25 लीटर भट्टी मदिरा व 250 किग्रा लहान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त पिपरिया के अंतर्गत ग्राम मटकुली, टेकापार एवं छीराई में दबिश देकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 10 स्थानों की तलाशी ली गई। इसमें 25 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 250 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर जब्त किया गया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 30 हजार रुपये आंकी गई है।

प्रकरण में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत 4 प्रकरण कायम किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। अवैध मदिरा के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

माखनगर में व्यापारियों ने किया तौल कांटे का पूजन

माखन नगर। परंपरा अनुसार भाई दूज पर अनाज व्यापारी तौल कांटे का पूजन कर अपने व्यापार की शुरुआत करते हैं। बुधवार को कृषि उपज मंडी में क्षेत्र के व्यापारियों ने तौल कांटे का पूजन किया। पुरोहित द्वारा मंत्रोचार एवं विधि विधान से पूजा कराई गई व्यापारियों ने पटाखे फोड़ कर मिठाई बाटी। इस अवसर पर व्यापारी हेमू खंडेलवाल अजीत सेठी बंटी अग्रवाल रजनीकांत व्यास दुर्गेश खंडेलवाल सहित मंडी के अधिकारी नवीन यादव शिवा प्रसाद कीर मंडी निरीक्षक, कर्मचारी, तुलावटी हम्माल एवं किसान बंधु मौजूद रहे पूजन के बाद मंडी में नीलामी कार्य की शुरुआत हुई।



मटकुली के पास हुआ सड़क हादसा, कार और बाइक की आपस में भिड़ंत, 4 लोग घायल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के मटकुली के पास पचमढ़ी रोड पर बुधवार दोपहर कार-बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक पर सवार चारों लोग सड़क पर गिर गए। चारों के पैरों में गंभीर चोट आई।

घायल भाई दूज मनाने के लिए चावलपानी जा रहे थे। मोड़ पर दोनों गाड़ियों की टक्कर के बाद राहगीरों ने घायलों को उठाया। इसके बाद डायल 112 और 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें पिपरिया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से चारों को नर्मदापुरम रेफर कर दिया गया।

बाइक चला रहे तेजराम कहार (30) निवासी चावलपानी, छिंदवाड़ा अपने मौसेरे भाई-बहनों को गांव ले जा रहे थे। बाइक पर उनके साथ अंकेश कहार (14), दुर्गा कहार (18) और किरण कहार (17) सवार थे। तीनों बिजनवाड़ा के रहने वाले हैं। दोपहर करीब 1:30 बजे कार पचमढ़ी की तरफ से आ रही थी। वहीं, बाइक पिपरिया से मटकुली की ओर जा रही थी। 11 मील और सिद्धबाबा के बीच मटकुली के पास मोड़ पर दोनों गाड़ियां आमने-सामने टकरा गईं। इससे बाइक पर सवार दोनों युवक और दोनों युवतियां सड़क पर गिरकर घायल हो गए।



घने जंगल में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ बानापुरा रेंज के चिचवानी बीट की पहाड़ी के घने जंगलों में एक युवक का शव मिला। पुलिस जांच में जुटी हुई है। बताया जाता है कि तीन दिन से युवक लापता था और बुधवार को जंगल में उनका शव बरामद किए गया जिसे पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया। केसला पुलिस थाना प्रभारी सुंदरलाल पवार ने बताया कि 2 से 3 दिन पहले युवक घर से लापता था और बुधवार को उनका शव बरामद किया गया। फॉरेस्ट के कर्मचारियों ने केसला पुलिस को सूचना दी। पुलिस पैदल चलकर पहुंची और शव बरामद किया। चिचवानी बीट के जंगल में शव को बरामद किया गया। अब आगे जांच की जा रही है। इसको लेकर थाना प्रभारी केसला सुंदरलाल पवार का कहना है कि युवक सुरेंद्र के रूप में पहचान हुई। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। अब मामले की जांच की जा रही है। युवक लापता था अब यह जांच का विषय है। आगे जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

शादी के बाद नए घर में आ गए हैं तो अब वोटर लिस्ट में भी अपना पता बदलवाएं

4 जनवरी 2027 को होगा फाइनल वोटर लिस्ट का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में विवाह के बाद यदि आपका निवास स्थान बदल गया है या आपका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो आपके पास अपना विवरण अपडेट करा सकते है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन तथा कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश में गुरुवार से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SSR - Special Summary Revision) शुरू किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की जा रही है, जिसके बाद नागरिक 11 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

मतदाता (ECINET) एप की सहायता से ऑनलाईन भी आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार विशेष शिविर में आयोजित किये जा रहे हैं । इन शिविर में 18 वर्ष आयु वर्ग के युवा पहुंच कर मतदाता सूची में नाम जड़वा सकते हैं । सभी दावों और आपत्तियों के निपटारे के बाद 4 जनवरी 2027 को फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित होगी।

लिंक खोले बिना गायब हो गए खाते से 48 हजार रुपए, साइबर सेल में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर निवासी एक युवक के साथ ऑनलाइन माध्यम से 48000 रुपये की साइबर फ्राड एक्टिविटी हुई है। जिसकी शिकायत पीड़ित पक्ष द्वारा मप्र पुलिस की साइबर सेल पर ऑनलाइन माध्यम से की गई है।

पीड़ित नितिन चौरसिया निवासी सोहागपुर ने बताया कि नौ नवंबर 2026 को उनके खाते से सुबह लगभग नौ बजे उनके बैंक आफ इंडिया के खाते से किसी अश्य खाते में फोन-पे के माध्यम से 48869 रुपए ये की ऑनलाइन पेमेंट हो गई है। जबकि उन्होंने ना तो कोई मोबाइल लिंक खोली थी, और ना ही किसी से कोई ओटीपी शेयर



किया था। लेकिन इसके बाद भी बिना किसी मोबाइल एक्टिविटी के उनके खाते से 48869 रुपये की साइबर क्राइम एक्टिविटी हुई है। जिसकी शिकायत उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से मध्य प्रदेश पुलिस के साइबर सेल पर की है। उन्होंने कहा कि यह एक नया साइबर क्राइम का पैटर्न समझ में आया है। जिसमें बिना किसी लिंक को खोले या ओटीपी शेयर किए ही राशि फोन पर या अन्य ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के माध्यम से खातों से कट रही है।

पुलिस की अपील

मामले में सोहागपुर पुलिस ने नागरिकों से ऑनलाइन पेमेंट के दौरान बहुत सावधान रहने की अपील की है। साथ ही यह कहा है कि कई बार ऑनलाइन गेमिंग सिस्टम के दौरान भी इस तरह से गड़बड़ी होते हुए बड़ी राशि का ट्रांजैक्शन साइबर फ्राइड करने वाले लोगों के खातों में हो जाता है। अतः बच्चों को मोबाइल ना दें। क्योंकि ऑनलाइन गेम में बच्चे अत्यधिक व्यस्त रहते हैं तथा उनके साथ इस तरह से साइबर फ्राड हो सकता है।

विद्यार्थियों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के आवेदन शुरू

नर्मदापुरम। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर, पीएचडी और पोस्ट-पीएचडी की पढ़ाई के लिए शासन द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी पोर्टल पर प्रोफाइल पंजीयन कर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन लॉक करने के पश्चात आवेदन की प्रिंट के साथ स्व-सत्यापित दस्तावेजों को पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, साधारण डाक या व्यक्तिगत रूप से 15 दिवस के भीतर कार्यालय आयुक्त, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, विंध्याचल भवन द्वितीय तल (क, ख) विंग, भोपाल-462002 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

पूजा कर परिवार के लिए मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

दीपावली के पांच दिवसीय पर्व के दौरान गोवर्धन पूजा का त्योहार भैरुंदा नगर सहित ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गई थीं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने घर-आंगन को गोबर से लीपकर पवित्र किया और गोबर से भगवान गोवर्धन की प्रतीकात्मक आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों ने घी के दीपक जलाए, धूप-अगरबत्ती लगाई और भगवान गोवर्धन से परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की। कई स्थानों पर गोवर्धन महाराज की पूजा के साथ गोवंश का भी विशेष पूजन किया गया। गायों को स्नान कराकर उनका श्रृंगार किया और उन्हें पकवान खिलाए गए। ग्रामीण अंचलों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। पंडित आयुष्मान तिवारी ने बताया कि गोवर्धन पूजा का संबंध भगवान



श्रीकृष्ण की उस लीला से है, जब उन्होंने अपनी छोटी उंगली पर विशाल गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों और उनके पशुधन को इंद्र देव के प्रकोप से बचाया था। मान्यता है कि पहले ब्रजवासी वर्षा के देवता इंद्र की पूजा करते थे, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा करने का संदेश दिया। इसके बाद इंद्र देव ने नाराज होकर मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। तब श्रीकृष्ण ने सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाकर सभी ब्रजवासियों और गोवंश को आश्रय दिया। तभी से गोवर्धन पूजा का पर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है। यह पर्व प्रकृति, पशुधन और पर्यावरण के महत्व का भी संदेश देता है।

नगर में मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने भी गोवर्धन पूजा का पर्व उत्साह के साथ मनाया। गांधी चौक स्थित मंदिरों में सुबह 9 बजे से ही महिलाओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। महिलाओं ने सामूहिक रूप से भगवान की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। मंदिरों में पूजा के लिए सीधा सामग्री अर्पित की गई और भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। मान्यता के अनुसार छप्पन भोग की परंपरा भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला से जुड़ी है। कहा जाता है कि सात दिन तक ब्रजवासियों को भोजन नहीं मिल पाया था। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के पर्वत नीचे रखने पर ब्रजवासियों ने प्रतिदिन के आठ व्यंजनों के हिसाब से सात दिन के कुल 56 व्यंजन तैयार कर भगवान को अर्पित किए थे।

सूर्य उपासना का पर्व छठ कल से शुरू

गूंजेंगे लोकगीत, सूर्य को देंगे अर्घ्य, नहाए खाए के साथ शुरू होगा महापर्व, घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम, साफ सफाई भी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोक आस्था का महापर्व छठ कल से नहाए खाए के साथ शुरू होगा। सूर्य उपासना का यह पर अद्भुत महापर्व है। इसमें महिलाएं 36 घंटे का कठिन व्रत रख डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके साथ ही लोकगीत गूंजेंगे। मां नर्मदा तट के किनारे पूजा पाठ सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ज्योतिषाचार्य पंकज पाठक ने बताया कि कल से नहाए खाए के साथ यह पर्व शुरू होगा। सात्विक भोजन कर व्रत का महिलाएं संकल्प लेंगी। इसके बाद 14 नवंबर को खरना के बाद निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा, जिसमें गुड़ की खीर का भोग लगाकर 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू होगा। 15 नवंबर को छठ पूजा होगी बांस के सूपा में सभी सामान रखकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और पूजन होगी। इसके बाद 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का



पारायण होगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई। घाटों पर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं और सुरक्षा पर भी नजर है। छठ का त्योहार सामाजिक समरसता और प्रकृति के प्रेम की अनुपम मिशाल पेश करता है। इस दिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारायण किया जाता है।

सुरक्षा के विशेष इंतजाम घाटों पर होगी सफाई

कल से छठ का महापर्व शुरू हो रहा है। इसके चलते सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। नर्मदा के सभी घाटों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं । साफ-सफाई सहित लाइट की व्यवस्था सुरक्षा के लिए टीम आदि की व्यवस्था भी होगी। यहां पर भारी मात्रा में श्रद्धालु जुटेंगे और लोक आस्था पर्व छठ मनाया जाएगा और विशेष पूजा पाठ होंगे। डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे और फिर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारायण कर महिलाएं सुख समृद्धि की कामना करेंगी।

प्राकृतिक सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें

नर्मदापुरम। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छता और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व को बनाए रखने के उद्देश्य से पर्यटकों एवं स्थानीय रहवासियों से विशेष अपील की गई है। सभी से आग्रह किया गया है कि पचमढ़ी भ्रमण के दौरान पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें तथा निर्धारित नियमों का पालन करें। अपील में कहा गया है कि पर्यटक एवं स्थानीय नागरिक गौर, जंगली सूअर सहित अन्य वन्यजीवों को किसी भी प्रकार का भोजन न खिलाएं। उनके लिए जूठा भोजन अथवा खाद्य सामग्री के अवशेष खुले में न छोड़ें। वन्यजीवों को भोजन देने से उनकी प्राकृतिक भोजन संबंधी आदतें प्रभावित होती हैं और मानव एवं वन्यजीवों के बीच संघर्ष की आशंका बढ़ सकती है।

100 वर्ष पुराने चित्रगुप्त मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाई यम द्वितीया, कलम-दवात का हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

यम द्वितीया (भाई दूज) के पावन पर्व पर स्थानीय करीब 100 वर्ष पुराने चित्रगुप्त मंदिर स्थित चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति एवं पुरुष सदस्यों ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना कर कलम-दवात का पूजन किया। इस अवसर पर पंडित संदीप तिवारी द्वारा विधि-विधान से पूजन-पाठ संपन्न कराया गया। विभिन्न पूजन सामग्रियों से भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की गई तथा उनका विशेष श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात चित्रगुप्त घाट पर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन में कायस्थ समाज के साथ अन्य समाजों के श्रद्धालु भी शामिल होकर भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान चित्रगुप्त यमराज के लेखाधिकारी हैं, जो समस्त प्राणियों के अच्छे-बुरे कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। इसी कारण यम द्वितीया पर उनकी पूजा के साथ कलम-दवात पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। इस अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र



श्रीवास्तव एवं मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा सहित मंजुला वर्मा, प्रीति खरे, केशव देव वर्मा, प्रखर समाजसेवी सुमन वर्मा, अभय वर्मा, विजय वर्मा, ईरा वर्मा, मनोज वर्मा ऋषिकेश श्रीवास्तव, सुनील राय, रितु श्रीवास्तव ऊषा वर्मा अखिलेश निगम, केशव वर्मा सीबी खरे, माधव वर्मा, दक्ष खरे, गुनगुन खरे , रशिम सक्सेना, लालता प्रसाद सहित अनेक सामाजिक बंधु विशेष रूप से उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

कोसमी में मिले वृद्ध के शव की हुई पहचान

बैतूल। कोसमी इलाके में अस्पताल के पीछे मंगलवार को लावारिस हालत में मिले वृद्ध के शव की बुधवार को पहचान हो गई। मृतक देशबंधु वार्ड निवासी रामदयाल (75) थे। वह मानसिक रूप से कमजोर बताए गए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र की सोनाघाटी पुलिस चौकी को मंगलवार को करीब 60 से 65 वर्ष उम्र के एक वृद्ध का शव मिलने की सूचना मिली थी। पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया और परिजनों की तलाश शुरू की। इसके लिए पुलिस ने सोशल मीडिया और आसपास के थानों में वृद्ध की फोटो भेजी। जांच के दौरान उनकी पहचान रामदयाल के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण रामदयाल भटकते हुए कोसमी पहुंच गए थे। इस दौरान गिरने से उनके सिर में अंदरूनी चोट लगने की आशंका है। परिजनों के आने के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया और शव उन्हें सौंप दिया गया। जांच अधिकारी अजनरिया ने इसकी पुष्टि की है।

भूतपूर्व सैनिकों की मासिक बैठक 12 को

बैतूल। भूतपूर्व सैनिकों की मासिक बैठक का आयोजन 12 नवम्बर गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को जिले में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पेंशन, एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। बैठक का मुख्य आकर्षण डाकघर में निवेश विषय पर आयोजित विशेष लेक्चर होगा जिसमें डाकघर के प्रतिनिधि द्वारा डाकघर की विभिन्न बचत एवं निवेश योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों से उक्त मासिक बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में उपस्थित नहीं होने पर ऑनलाइन भी सम्मिलित हो सकते हैं।

टोल प्लाजा के पास बने



शाहपुर। कुंडी टोल प्लाजा के निकट बने प्रसाधन में गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है। अंदर के हालात तो यह बताते हैं कि यहां पर वर्षों से साफ सफाई नहीं हुई। ऐसे में यात्री प्रसाधन का उपयोग नहीं कर पा रहे है। टोल प्लाजा कंपनी को तो केवल टोल टैक्स से ही मतलब है, जबकि प्रसाधन की हालत खराब है। हाईवे पर डिवाइडर पर फूल के पेड़ों की बजाय बड़ी-बड़ी घास और कचरा उग रहा है। सडक़ किनारे शासकीय महाविद्यालय के सामने बने यात्री प्रतीक्षालय के हालत भी खराब है। यहां पर कभी कोई साफ सफाई नहीं की जाती। टोल प्लाजा मैनेजर कुंडी ने बताया कि रोड डिवाइडर के बीच में जो घास उगी है वह उगाई गई है। प्रसाधन की रोज साफ सफाई होती है। उन्होंने बताया कि प्रसाधन पर्सनल भूमि पर बना हुआ है।

बैतूलबाजार सहित 29 पंचायतें शामिल, 48 वार्डों का होगा नया निकाय

नगर पालिका ने नगर निगम बनाने का प्रस्ताव भोपाल भेजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल नगरपालिका को नगर निगम बनाए जाने की कवायद तेज हो गई है। नगरपालिका ने प्रमुख सचिव और नगरीय प्रशासन आयुक्त को दस्तावेज भेजे है। शासन स्तर पर प्रस्ताव का परीक्षण होने के बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दरअसल नगर निगम के गठन के लिए नगर परिषद बैतूलबाजार के साथ नगर पालिका बैतूल से लगी 29 ग्राम पंचायतों के 74 गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव है।

इसके लिए नगर पालिका बैतूल, नगर परिषद बैतूलबाजार, जनपद पंचायत बैतूल और राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के दल ने वार्ड परिसीमन और नक्शा तैयार किया है। प्रस्ताव के अनुसार, नए नगर निगम में 48 वार्ड होंगे। इनमें वर्तमान नगरपालिका बैतूल के 33 वार्ड और बैतूलबाजार नगर परिषद के 15 वार्डों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। हालांकि, अंतिम स्वरूप शासन की स्वीकृति के बाद ही तय होगा। बता दे कि नगर पालिका द्वारा भेजे प्रस्ताव में प्रस्तावित नगर निगम की अनुमानित जनसंख्या 2,15,938 बताई गई है। इसमें बैतूल नगरीय क्षेत्र की आबादी 1,24,002, बैतूलबाजार की 11.556 और 29 ग्राम पंचायतों के 74 गांवों की अनुमानित आबादी 80,380 शामिल है। प्रस्तावित नगर निगम का क्षेत्रफल 488.97 वर्ग किलोमीटर और जनसंख्या घनत्व 442 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर बताया गया है। क्षेत्र की पूर्व-पश्चिम अधिकतम दूरी 22 किलोमीटर और उत्तर-दक्षिण दूरी 32 किलोमीटर प्रस्तावित है।

पिछले कुछ सालों में शहर की बढ़ी बसाहट

बैतूल जिला मुख्यालय होने के कारण पिछले कुछ सालों में शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बसाहट बढ़ी है। मतदाताओं की संख्या और नपा में दर्ज निजी संपत्तियों में भी वृद्धि हुई है। जिला स्तरीय कार्यालयों, प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, आईटीआई और कॉलेजों के साथ मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी शहर के विकास को गति दे रहा है। प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक, पर्यटन और खेल गतिविधियों के केंद्र के रूप में बैतूल का विस्तार होने से नगर निगम गठन की आवश्यकता बताई है। प्रस्ताव में नगर निगम क्षेत्र के लिए जल और विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता, राजस्व संसाधनों और संपत्तिकर के दायरे का उल्लेख किया है। नपा का कहना है कि विस्तारित क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप संसाधनों की व्यवस्था निकाय निधि से होगी। प्रस्ताव में शामिल 29 पंचायतों की सहमति के प्रस्ताव की जानकारी भी दी गई है।

गांवों का हो रहा नगरीकरण

जानकारों का कहना है कि शहर के आसपास स्थित गांवों का वैसे भी नगरीकरण हो रहा है। इन क्षेत्रों में नई-नई कॉलोनियां बन चुकी है। इसके साथ ही लोग भी कृषि पर आश्रित न रहकर रोजगार व आजीविका के लिए अन्य कार्यों की ओर बढते जा रहे हैं। नगर निगम में गांवों को शामिल करने के लिए भी यही एक प्रमुख शर्त रहती है कि उस गांव की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी गैर कृषि कार्यों में संलग्न रहे और वह क्षेत्र संक्रमणशील हो, जहां पर नगरों की तरह विकास हो चुका हो या हो रहा हो। परिषद में प्रस्ताव पारित होने के बाद बाद ही नगर निगम बनाने की प्रकिया को गति मिलेगी। अभी से यह प्रक्रिया इसलिए प्रारंभ कर दी है, क्योंकि इसे पूरी होने में लंबा समय लग जाता है।

इसलिए अवरोध आने की संभावना नहीं

बैतूल नगर निगम से संबंधित पूरा प्रस्ताव तैयार करने की जिम्मेदारी जिन कर्मचारियों को सौंपी गई थी, उन्हें पहले ही छिंदवाड़ा नगर निगम का भ्रमण कर यहां अपनाई गई पूरी प्रक्रिया का अवलोकन और आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण करने को कहा गया था। इन कर्मचारियों द्वारा यहां भ्रमण करने और समझने के बाद ही यहां इस प्रक्रिया की शुरुआत की गई थी। इसलिए कोई कमी रहने की गुंजाइश नहीं है। इधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल भी काफी समय से बैतूल को नगर निगम बनाए जाने के लिए प्रयासरत हैं। उनके निर्देशों के बाद ही इस संबंध में प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। बैतूल शहर वासी भी काफी समय से बैतूल के नगर निगम बनाए जाने का इंतजार कर रहे है, ताकि उन्हें मिलने वाली सुविधाओं में इजाफा हो सके।

जानकारी के अनुसार निगम बनने से लोगों को यह लाभ

- निगम को सरकार से अनुदान अधिक मिलता है। अनुदान जितना अधिक मिलेगा, उतने ही अधिक कार्य नागरिकों के लिए किए जा सकेंगे।
- ग्रामीण क्षेत्र के शहर में आने से जमीनों के दाम बढ़ जाएंगे जिससे ग्रामीणों को लाभ होगा। उन्हें भी शहर जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।
- ग्रामीणों को भी शॉपिंग कॉम्पलेक्स, अच्छे स्कूल, अच्छे अस्पताल की सुविधाएं मिल सकेंगी और इसके लिए बाहर जाने की जरुरत नहीं पडेगी।
- निगम को वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार अधिक रहेंगे और इससे जनहित के कार्यों के लिए बार-बार राजधानी के चक्कर नहीं काटने होंगे।
- पेयजल सहित अन्य कार्यों के एक ही प्रोजेक्ट बनने से अधिक लोगों को इनका लाभ मिल सकेगा और लागत में भी निश्चित रूप से कमी आएगी।

इनका कहना है

कलेक्टर के मार्गदर्शन में बैतूल को नगर निगम बनाने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। प्रस्ताव में बैतूलबाजार नगर परिषद और 29 ग्राम पंचायतों के 74 गांवों को शामिल करते हुए 48 वार्ड प्रस्तावित किए गए हैं। शासन स्तर पर प्रस्ताव का परीक्षण होने के बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नगर निगम गठन के लिए आवश्यक दस्तावेज और जानकारी शासन को उपलब्ध करा दी गई है।

- नवनीत पांडे, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

यमराज से जुड़ी है ताप्ती में स्नान की मान्यता

भाई दूज पर ताप्ती नदी में भाई-बहनों ने लगाई डुबकी



बैतूल। जिलेभर में भाई दूज का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भाई दूज पर भाई-बहनों ने ताप्ती नदी में डुबकी लगाई और सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सुबह से ही ताप्ती नदी के अलग-अलग घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। खेड़ी घाट, आठनेर घाट और बारहलिंग में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने स्नान किया।

वहीं, मुलताई स्थित मां ताप्ती के उद्गम स्थल पर भी सुबह से श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। खेड़ीसांवलीगढ़ के ताप्ती खड़ी घाट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान लोगों ने दीप जलाकर मां ताप्ती और यमदेव की आराधना की। शाम को नदी में दीपदान करने की भी परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भाई दूज यानी यम द्वितीया पर भाई-बहनों का साथ में ताप्ती नदी में स्नान करना विशेष फलदायी माना जाता है। मान्यता के अनुसार मां ताप्ती सूर्य परिवार से हैं। इस परिवार में यमराज, यमुना, शनि और ताप्ती का विशेष स्थान है। मान्यता है कि भाई दूज के दिन यमराज अपनी बहनों ताप्ती और यमुना के घर मंगल तिलक के लिए आते हैं। इस अवसर पर उन्होंने दोनों बहनों को आशीर्वाद दिया था कि इस दिन ताप्ती और यमुना में स्नान करने वाले भाई-बहनों को मृत्यु के समय असहनीय पीड़ा नहीं होगी। पौराणिक मान्यता के अनुसार, यमराज भाई दूज पर अपनी बहन यमुना के घर पहुंचे थे। यमुना ने उनका तिलक कर आरती उतारी थी। इससे प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि इस दिन बहन से तिलक करवाने और पवित्र नदी में स्नान करने वाले भाई को यम बाधा से मुक्ति मिलेगी। इसी मान्यता के चलते बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। वहीं, भाई बहनों को उपहार देकर उनके प्रति स्नेह जताते हैं और उनकी सुरक्षा का संकल्प लेते हैं।

नगर में श्रद्धा और स्नेह के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व



भौंरा। नगर में बुधवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक भाई दूज का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनके सुखी, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और सम्मान का संकल्प दोहराया। पर्व को लेकर सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाई दूज की परंपरा निभाई। जिन बहनों के भाई दूसरे स्थानों पर रहते हैं, उन्होंने फोन के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। भाई दूज का यह पर्व परिवारों में आपसी प्रेम, आत्मीयता और रिश्तों की मजबूती का संदेश देता नजर आया।

हर घर अभियानः आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ मनाई दीपावली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

हर घर दिवाली अभियान के अंतर्गत राज्य आनंदम संस्थान की संस्था, प्रत्याशा आनंद क्लब द्वारा आनंद आंगनबाड़ी केंद्र, संजय कॉलोनी के बच्चों एवं महिलाओं के साथ दिवाली मनाई गई। बैतूल कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की मनसानुसार हर घर दिवाली अभियान के तहत जरूरतमंदों के साथ दिवाली मनाए एवं जरूरत की सामग्री भी भेंट की गई। प्रत्याशा आनंद क्लब द्वारा बच्चों एवं महिलाओं को पटाखे , कपड़े, मिठाइयां, दिये, खिलौने, भेंट किए गए। प्रत्याशा आनंद क्लब की अध्यक्ष तूलिका पचौरी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिवाली बच्चों एवं महिलाओं के साथ हर्षोल्लास से मनाई गई। निमिषा शुक्ला ने बताया कि सब्जी बेचने वाली महिलाओं को भी उपहार भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। प्रमिला धोत्रे द्वारा सभी को श्री नैवेद्यम क्लाउड किचन की ओर से मिठाई एवं नमकीन भेंट किए गए। दीपिका भावसार द्वारा महिलाओं को साडय़ी भेंट की गई। नीलिमा भार्गव एवं प्रीति ओसवाल, ललिता हेडाऊ द्वारा बच्चों को पटाखे , कपड़े वितरित किए गए। गौरतलब है कि आनंदम केंद्र में नेकी की दीवार के माध्यम से जरूरतमंदों तक सामान पहुंचा कर उन्हें भेंट किए जाते हैं। जिला नोडल अधिकारी राज्य आनंद संस्थान एवं जिला शिक्षा अधिकारी पूनम वरकडे, जिला संपर्क व्यक्ति महेश गूंजेले, प्रत्याशा आनंद क्लब के संरक्षक संजय शुक्ला, आशीष पचौरी, आशीष कोकने द्वारा इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी गई। आनंदम केंद्र विकास वार्ड की आंगनवाड़ी में संचालित किया जा रहा है, वँहा उषा सातनकर, गीता रावत, शारदा वानखेड़े, करुणा जैन आदि सभी संजय कॉलोनी की महिलाओं ने भी दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की।

14 नवंबर से चलेगी ट्रेन

छठ स्पेशल ट्रेन का आमला में स्टॉपेज 4 राज्यों के यात्रियों को मिलेगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

छठ पर्व के मद्देनजर रेलवे ने दरभंगा-यशवंतपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का स्टॉपेज आमला स्टेशन पर भी दिया गया है। ट्रेन दोनों दिशाओं में चार-चार ट्रिप लगाएगी।

इससे आमला सहित आसपास के यात्रियों को बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और कर्नाटक की यात्रा के लिए अतिरिक्त सुविधा मिलेगी। ट्रेन नंबर 05541 दरभंगा-यशवंतपुर छठ स्पेशल 14 नवंबर से 16 दिसंबर के बीच चार ट्रिप में चलेगी। यह ट्रेन दरभंगा से प्रत्येक सोमवार को दोपहर 3.30 बजे रवाना होगी। आमला स्टेशन पर बुधवार रात 12.15 बजे पहुंचेगी और 12.15 बजे ही रवाना होगी। ट्रेन गुरुवार रात 2 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में ट्रेन क्रमांक 05542 यशवंतपुर-दरभंगा स्पेशल 19 नवंबर से 17 दिसंबर के बीच चार ट्रिप लगाएगी। यह ट्रेन यशवंतपुर से गुरुवार रात 10.40 बजे रवाना होगी। आमला स्टेशन पर शुक्रवार रात 1.28 बजे पहुंचेगी और 1.30 बजे रवाना होगी। रविवार दोपहर 1 बजे दरभंगा पहुंचेगी। 24 कोच वाली इस ट्रेन में 10 जनरल, 10 स्लीपर, दो एसी थर्ड क्लास और दो एसएलआर कोच रहेंगे। ट्रेन का स्टॉपेज हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बाराबंकी, कानपुर, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई नगर, बीना, भोपाल, इटारसी, आमला और नागपुर स्टेशनों पर रहेगा। पूर्व मुख्य यातायात निरीक्षक अशोक कटारे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन के समय और अन्य जानकारी के लिए रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क कर लें।

119 गांजे के पौधे जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

बोरदेही में खेत में उगाए जा रहे थे गांजे के पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बोरदेही पुलिस ने ग्राम चिखलार में दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गांजे के कुल 119 पौधे बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। बोरदेही पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चिखलार निवासी टीकाराम धुर्वे द्वारा अपने खेत में गांजे के पौधे लगाए गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर खेत की तलाशी एवं तस्दीक की गई। इस दौरान गन्ने की बाड़ी एवं खेत की मेढ़ पर गांजे के हरे पौधे लगे हुए पाए गए। पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई करते हुए गांजे के कुल 118 हरे पौधे, जिनका कुल वजन 10.712 किलोग्राम एवं अनुमानित कीमत 1,00,000 रुपये है, विधिवत जप्त किए गए। मामले में आरोपी टीकाराम पिता जोंदरू धुर्वे निवासी ग्राम चिखलार, थाना बोरदेही के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 212(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा ग्राम चिखलार निवासी हेमराज धुर्वे के घर के आंगन की तस्दीक की गई। जांच के दौरान घर के सामने आंगन में गांजे का 01 पौधा लगा हुआ पाया गया। उक्त गांजे के पौधे को विधिवत जप्त किया गया, जिसका वजन 4.450 किलोग्राम एवं अनुमानित कीमत 44,500 रुपये है। मामले में आरोपी हेमराज पिता मंजू धुर्वे निवासी ग्राम चिखलार के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया।

अवैध मादक पदार्थ की खेती करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



बैतूल। आमला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम शाजपुर जाकर तस्दीक की गई। तस्दीकी पर आरोपी के खेत बाडी से गांजे के हरे भरे गीले पौधे 271 नग कुल वजन 92 किलो 120 ग्राम लगभग अनुमानित कीमत 276000 रूपये की विधिवत पंचनामा कार्यवाही की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास एवं तकनीकी सहयोग से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खेती करने वाला आरोपी 1) रहमी पिता झूलन सरेयाम उम्र 57 साल निवासी ग्राम शाजपुर थाना आमला को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी आमला मुकेश ठाकुर, उप निरीक्षक मोहनलाल गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक रामेश्वर ठाकुर , प्रधान आरक्षक संतोष मालवीय, विकास वर्मा, विनय पांडेय, नीलेश सोनी , विनय वर्मा, आसिफ़ खान आरक्षक तिलक की सराहनीय भूमिका रही।

14 को महारैली, 15 को होगा राज्य स्तरीय आदिवासी युवा महोत्सव

बैतूल में मनेगी बिरसा मुंडा की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर 14 और 15 नवंबर को बैतूल में राज्य स्तरीय आदिवासी युवा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस सरकार) और सर्व आदिवासी समाज संगठन के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले आयोजन की तैयारियों को लेकर जयस जिला संरक्षक राजा धुर्वे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के पहले दिन 14 नवंबर को ग्राम साईखंडारा से महारैली निकाली जाएगी। रैली मिलानपुर टोल, बैतूल बाजार, बडोरा चौक, गेंदा चौक, कारगिल चौक, अंबेडकर चौक और सरदार विष्णुसिंह बस स्टैंड होते हुए सोनाघाटी पहुंचेगी। यहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। 15 नवंबर को शाम 5 बजे से स्टेडियम के बाजू स्थित रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में मुख्य कार्यक्रम होगा। इसमें आदिवासी फैशन शो, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतिभाओं का सम्मान, सामाजिक उद्बोधन और सामाजिक चिंतन के साथ स्थानीय कलाकारों का आर्केस्ट्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिला संरक्षक राजा धुर्वे, जिलाध्यक्ष संदीप कुमार धुर्वे, जिला कार्यवाहक सुनील कारोचे, जिला प्रभारी महेश शाह उइके, जिला सचिव राजकुमार काकोडिया, जिला उपाध्यक्ष रितिक परते, जिला महामंत्री सोनू पांसे, आईटी सेल प्रभारी रामदीन इवने, जिला कोषाध्यक्ष कपिल मर्सकोले, मीडिया प्रभारी प्रशांत उइके, महासचिव राज रावण परते, आमला ब्लॉक महामंत्री सोनू धुर्वे, मनीष परते, सचिन उइके, जितेंद्र इवने, रामदास उइके, पिंटू पंद्रे, संदीप उइके, संजू धुर्वे, विशाल धुर्वे और जयस नारी शक्ति से नीतू कुमरे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मल्चर यंत्र से नरवाई प्रबंधन का कृषकों के समक्ष किया फील्ड प्रदर्शन



बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार कृषि अभियांत्रिकी विभाग बैतूल द्वारा बुधवार को विकासखंड मुलताई के ग्राम सर्रा में कृषक श्री चंद्रशेखर बारपेटे के खेत पर नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान मल्चर यंत्र का फील्ड प्रदर्शन कर कृषकों को इसके उपयोग एवं शासन द्वारा दिए जाने वाले अनुदान की जानकारी दी गई। सहायक कृषि यंत्री डॉक्टर प्रमोद कुमार मीणा ने बताया मल्चर यंत्र मक्का की कटाई के बाद खेत में बचे फसल अवशेषों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर खेत की ऊपरी सतह पर फैला देता है। इससे फसल अवशेष कुछ समय बाद प्राकृतिक खाद में परिवर्तित हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता एवं पोषकता बढ़ती है। साथ ही खेत आगामी फसल की बोनी के लिए तैयार हो जाता है। कृषकों को मल्चर यंत्र के उपयोग से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए नरवाई नहीं जलाने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने के बजाय फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने से भूमि की उर्वरता बनाए रखने में मदद मिलती है। इस अवसर पर विभाग के तकनीकी शाखा प्रभारी इंद्रभान सिंह, तकनीकी सहायक तुषार राठौर, लेखा सहायक अनिल मराठा, प्रवीण विश्वकर्मा सहित कृषक श्यामसुंदर बारपेटे, रमेश धुर्वे, प्रतीक उबारे, महेश गड़ेकर एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

कृषि विभाग ने किसानों को जानकारी

बैतूल। कृषि विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में नरवाई प्रबंधन , कम पानी वाली किस्में , मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं विभागीय योजना की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत चान्दबेहडा, ग्राम पंचायत सिलौट, ग्राम पंचायत केसिया में कम वर्षा की स्थिति में किसानों को फसल प्रबंधन की जानकारी एवं नरवाई ह्यद्वह्य की जानकारी दी गई।

ब्रह्माकुमारीज द्वारा शाहपुर में 7 दिवसीय गीता ज्ञान महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शाहपुर में श्रीमद्भगवद्गीता एवं महाभारत पर आधारित सात दिवसीय भव्य गीता ज्ञान प्रवचन का आयोजन 13 से 19 नवंबर तक किया जा रहा है। इस ज्ञान महोत्सव में सिवनी से पधार रहीं सुप्रसिद्ध गीता प्रवक्ता एवं योग शक्ति आस्था दीदी अपने दिव्य प्रवचनों के माध्यम से गीता के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों को सरल एवं सहज रूप में प्रस्तुत करेंगी। प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक मनसुखदास बाबा प्रांगण, नगर परिषद शाहपुर में आयोजित इस ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 13 नवंबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र से भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। इस सात दिवसीय आयोजन में श्रीमद्भगवद्गीता के आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से जीवन की चिंताओं, तनाव एवं निराशा से मुक्ति, मन की शांति तथा सुखमय जीवन जीने की कला पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा। शाहपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके सुनीता दीदी ने समस्त नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी भाई-बहनों से परिवार सहित इस आध्यात्मिक महोत्सव में शामिल होकर ज्ञानामृत का लाभ लेने की अपील की है।

नागरिकों को व्यापारी संघ व प्रशासन से सोहागपुर बाजार व्यवस्थापन की अपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में त्योहारी अवसर पर बाजार अव्यवस्थित हो जाता है। जिसके कारण व्यापारियों तथा नागरिकों को बहुत परेशानी होती है। नागरिकों की मांग है कि बाजार का उचित व्यवस्थापन जरूरी है।

नागरिकों के अनुसार त्योहार के समय मुख्य बाजार में प्रमुख रूप से वे व्यापारी सर्वाधिक परेशान होते हैं जो अस्थाई रूप से सड़क पर दुकान लगाते हैं। क्योंकि वाहनों की आवाजाही पर रोक नहीं लगती है। तथा चौपहिया वाहन बाजार में प्रवेश करते हैं। जिसके कारण बार-बार जाम की स्थिति बनती है। जबकि व्यापारी संघ ने इस वर्ष दीपावली के पूर्व प्रशासन से मांग की थी कि सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार मार्ग को त्यौहार के दौरान वन-वे घोषित किया जाए। ताकि वाहनों की आवाजाही से बाजार बाधित ना हो तथा अस्थाई व्यापारियों को भी सुविधा हो। लेकिन प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया।

नागरिकों का कहना है कि सतत आवाजाही के कारण स्टेट



हाईवे व बाजार के मुख्य मार्ग पर लगी अस्थाई दुकानों को उचित रूप से व्यवस्थापन सुविधा देना अति आवश्यक है। ताकि बाजार भी व्यवस्थित हो तथा अस्थाई दुकानदारों को भी त्योहार पर उचित ग्राहकी का लाभ मिल सके।

100 मीटर के 20 मिनट

चित्र में दीपावली की पूर्व संध्या का दृश्य नजर आ रहा है। जिसमें एक कार को बाजार के अंदर अधिकतम 100 मीटर की दूरी तय करने में 20 मिनट से अधिक का समय लग गया था। जाम के दौरान लगातार वाहनों का धुआं और शोर से लोग बहुत परेशान हुए थे। वहीं दूसरी ओर छोटे व्यापारियों का व्यवसाय भी प्रभावित हुआ और अनावश्यक लोगों का समय खराब हुआ। जनता के अनुसार फुटकर व्यापारियों, अस्थाई व्यापारियों, स्थाई व्यापारियों तथा आमजनों की सुविधा के लिए बाजार का सही व्यवस्थापन अभी सोहागपुर शहर की सबसे बड़ी मांगों में शामिल की जानी चाहिए। तथा इस ओर विधायक विजयपाल सिंह सहित व्यापारी संघ को ध्यान देना होगा।

विधायक ने बाजार में भ्रमण कर व्यापारियों को दी दीप पर्व की शुभकामनाएं



सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने गत दिवस सोहागपुर शहर के बाजार में पैदल भ्रमण किया। तथा उन्होंने समस्त व्यापारियों को दीप पर्व की बधाई दी है। देर शाम सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह पार्टी कार्यकर्ताओं तथा साथियों के साथ सोहागपुर शहर के मुखय बाजार क्षेत्र में पहुंचे। जहां उन्होंने पैदल ही बाजार का भ्रमण किया एवं सोहागपुर व्यापारी संघ के पदाधिकारियों सहित एवं अन्य व्यापारियों से भेंटकर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आने वाला वर्ष सबके लिए कल्याणकारी एवं मंगलमय हो, इसकी प्रार्थना मां लक्ष्मी से की है। इस दौरान विधायक के साथ भाजपा नेतागण उपस्थित थे।

भाई दूज पर सीवन पुत्र टीम ने बहनों को दिया स्वच्छता का अनमोल उपहार, चमका हाथी घाट

सीहोर। भाई दूज के पावन अवसर पर सीवन पुत्र टीम ने बहनों को स्वच्छता के रूप में एक अनमोल उपहार दिया। सीवन नदी के संरक्षण और स्वच्छता के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए टीम ने मंगलवार को बढ़िया खेड़ी स्थित हाथी घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। यह घाट लंबे समय से गंदगी, पूजन सामग्री, जलकुंभी और मलबे से भरा हुआ था। मंगलवार सुबह 9 बजे सीवन पुत्र टीम के सदस्य हाथी घाट पहुंचे और स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। सबसे पहले घाट पर जमा मलबे को हटाया गया। इसके बाद वहां बिखरी पूजन सामग्री, देवी-देवताओं के चित्र, मूर्तियां, पॉलिथीन, फूल-मालाएं और अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर हटाया गया। सुबह से ही मुकेश राय, प्रकाश यादव, अशोक नामदेव, प्रदीप चावड़ा और भूपेंद्र केवट सहित टीम के सदस्य स्वच्छता मिशन में जुट गए। देखते ही देखते दोपहर तक मलबे से दबा पूरा घाट साफ दिखाई देने लगा। इसके बाद सीवन योद्धा भूपेंद्र केवट नदी में उतरे और नदी में फैली जलकुंभी के साथ पूजन सामग्री को भी बाहर निकाला। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि हाथी घाट पर सफाई एवं जलकुंभी हटाने का कार्य किया था।

पिपरिया के प्राचीन बड़ा मंदिर में अन्नकूट महोत्सव संपन्न

मंदिर में परंपरानुसार आए भोग को लौटाए जाने को लेकर गर्माया विवाद

नगर पालिका परिषद क्षेत्र स्थित प्राचीन बड़ा मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नकूट महोत्सव (गोवर्धन पूजा) श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। वही आयोजन के दौरान भोग का अस्वीकार करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र स्थित प्राचीन बड़ा मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नकूट महोत्सव (गोवर्धन पूजा) श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर में भगवान ठाकुर जी को छप्पन भोग अर्पित किए गए, जिसमें विभिन्न प्रकार के पकवान और फल शामिल थे। सुबह से ही पूजन-अर्चन और परिक्रमा का दौर चला, जिसके बाद महाआरती कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

परंपरा और आपसी विवाद का मामला

इस आयोजन के दौरान एक ऐसी घटना सामने आई जिसने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। मंदिर की पुरानी परंपरा के अनुसार, प्राचीन बड़ा मंदिर से हर वर्ष की तरह इस बार भी राम-जानकी मंदिर (मंगलवारा चौराहा) में भगवान



को भोग लगाने के लिए सामग्री भेजी गई थी। हालांकि, राम-जानकी मंदिर के महंत यज्ञेश्वर दास ने इस बार भोग स्वीकार करने से मना कर दिया और उसे वापस लौटा दिया।

महंत पवन सुत दास का पक्ष

प्राचीन बड़ा मंदिर के महंत एवं पुजारी पवन सुत दास ने बताया कि परंपरा का निर्वहन करते हुए हर वर्ष की तरह इस बार भी मंगलवारा चौराहे स्थित राम-जानकी मंदिर में भोग भेजा गया था। उन्होंने कहा कि भोग वापस लौटाना और इस पुरानी परंपरा को खंडित करना उचित नहीं है।

महंत यज्ञेश्वर दास का पक्ष

वहीं, राम-जानकी मंदिर के महंत यज्ञेश्वर दास ने भोग न स्वीकार करने की पुष्टि करते हुए इसके पीछे कानूनी विवादों और आपसी खींचतान का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 से प्राचीन बड़ा मंदिर के पक्ष द्वारा उनके मंदिर, महंत और ठाकुर जी के खिलाफ एसडीएम कोर्ट से लेकर जबलपुर हाईकोर्ट तक लगातार शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं और मामले चलाए जा रहे हैं।

दिखावा करने का क्या औचित्य है : महंत यज्ञेश्वर दास

महंत यज्ञेश्वर दास ने अपनी बात स्पष्ट करते हुए कहा, कि एक तरफ न्यायालय में घसीटा जा रहा है और कानूनी लड़ाई लड़ी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ परंपरा निभाने का दिखावा किया जा रहा है। ऐसी परंपरा का क्या औचित्य है? जो भोग हरिनारायण मिश्रा लेकर आए थे, मैंने उनसे कह दिया था कि यदि हम इसे स्वीकार कर भोग नहीं लगाते तो यह भोग का अपमान होता, जिसे हम करना नहीं चाहते थे। इसलिए हमने भोग वापस ले जाने को कहा और वे उसे वापस ले गए।

हर्षोल्लास से मना भाई दूज पर्व भाई के माथे पर किया तिलक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

दीपावली उपरांत यम द्वितीया पर भाईदूज पर्व बुधवार को क्षेत्र में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को दिनभर भाईयों ने अपनी बहनों के घर पहुंचकर दूज पूजन किया। जिसके बाद बहनों ने भाईयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनकी सुरक्षा की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

फसल ऋणमान पर किया गया विचार विमर्श

बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के किसानों को समय पर कृषि ऋण, खाद एवं बीज उपलब्ध कराने तथा कृषि संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर के अंतर्गत खरीफ एवं रबी फसलों के ऋणमान निर्धारण, कृषि वित्त पोषण, नरवाई प्रबंधन तथा रबी सीजन में खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा की गई। बैठक में सहकारिता, कृषि, नाबार्ड, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खरीफ एवं रबी फसलों की उत्पादन लागत, आय, शुद्ध लाभ तथा प्रति हेक्टेयर ऋण अदायगी क्षमता की समीक्षा की गई। साथ ही वर्ष 2027-28 के लिए प्रस्तावित फसल ऋणमान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऋणमान का निर्धारण वास्तविक कृषि लागत और किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि फसल ऋण वितरण का समय, अदायगी तिथि एवं अधिकतम ऋण सीमा किसानों के हितों के अनुरूप निर्धारित की जाए, ताकि किसानों को खेती के लिए समय पर पर्याप्त वित्तीय सहायता मिल सके। बैठक में पारंपरिक खेती के साथ उद्यानिकी को प्रोत्साहित करने के लिए साग-सब्जी, फल एवं औषधीय फसलों की उत्पादन लागत और प्रस्तावित ऋणमान पर चर्चा की गई।

अन्नकूट महोत्सव, 56 भोग से तैयार होगा गिरिराज गोवर्धन का स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वरधाम में दीपावली का पर्व आस्था, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। दीपोत्सव के अवसर पर पूरा धाम आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी, विद्युत झालरों और विशेष साज-सज्जा से जगमगाता रहा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा कुबेर भंडारी के दर्शन कर विशेष खजाना पूजन में भाग लिया।

श्रद्धालुओं को खजाना वितरित किया गया। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में लगातार पांच दिन तक विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति और समस्त जीव-जंतुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। भगवान श्रीकृष्ण के संदेश के अनुसार इस दिन गोवंश की पूजा की जाती है। सनातन धर्म में गो माता के शरीर में समस्त देवी-देवताओं का वास माना गया है। गो माता की सेवा और पूजन से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आत्मिक आनंद की प्राप्ति होती है। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम में आगामी दिनों में भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बृजधाम की झलक दिखाई देगी। भव्य रूप से गोवर्धन पर्वत का स्वरूप सजाया जाएगा और 56 प्रकार के भोग से गिरिराज जी की आकर्षक झांकी तैयार की जाएगी। आयोजन की तैयारियां पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान समिति की महिला सदस्यों और श्रद्धालुओं द्वारा गो पूजन, आकर्षक रंगोली और सजावट की जाएगी। अन्नकूट दर्शन के बाद गो माता एवं गोवर्धननाथ जी की आरती होगी और श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की जाएगी। दीपोत्सव के पश्चात प्रतिवर्ष कुबेरेश्वरधाम में यह आयोजन किया जाता है।

भाई दूज पर तौल कांटा पूजन के साथ नवीन व्यापारिक सत्र का शुभारंभ, पहले ही दिन पहुंची करीब 700 ट्रैक्टर-ट्रॉली धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

दीपावली के पर्व के चलते लगातार चार दिनों तक अवकाश घोषित होने के कारण पिपरिया कृषि उपज मंडी में खरीदी का कार्य बंद था। दीपावली के बाद भाई दूज (द्वितीया) के पावन पर्व पर मंडी परिसर में पारंपरिक और विधिवत तरीके से तौल कांटा पूजन कर नए व्यापारिक सत्र की शानदार शुरुआत की गई। पूजन के पश्चात मंडी में विधिवत रूप से अनाजों की नीलामी और खरीदी का कार्य शुरू किया गया।

बड़ी संख्या में पहुंचे किसान और अधिकारी

इस महत्वपूर्ण व्यापारिक आयोजन के दौरान कृषि उपज मंडी परिसर में भारी चहल-पहल देखने को मिली। समारोह में व्यापारी वर्ग, हम्माल, मजदूर, तौलवटी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इसके साथ ही मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके, लेखापाल संजय रैकवार सहित अन्य सभी अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने सभी के साथ मिलकर नए कार्य और व्यापारिक सत्र के लिए मंगलकामनाएं कीं।



खास बातें

- **धान की आवक :** मंडी परिसर में धान से भरी लगभग 700 ट्रैक्टर-ट्रॉली पहुंचीं।
- **कुल खरीदी :** पहले ही दिन लगभग 30,000 क्विंटल धान की खरीदी की गई।
- **खरीदी भाव :** मंडी में धान का भाव रू 5,100 से लेकर अधिकतम रुपए 5,500 प्रति क्विंटल तक दर्ज किया गया।

मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके ने जानकारी देते हुए बताया कि भाई दूज के मुहुर्त पर मंडी में बंपर आवक दर्ज की गई। मंडी में सबसे अधिक आवक धान की देखने को मिली, हालांकि इसके साथ ही परिसर में किसान अन्य सभी प्रकार के अनाज भी भरपूर मात्रा में लेकर पहुंचे थे। इस अवसर पर व्यापारी वर्ग ने संकल्प लिया कि किसानों को उनकी उपज का उचित और बेहतरीन मूल्य दिलाया जाएगा, साथ ही मंडी में पारदर्शिता और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी।

हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक बार-बार बंद होने से इंतजार मजबूरी

पीडब्ल्यूडी मंत्री के इंतजार में अटका आरओबी का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के पुराने इंदौर-भोपाल मार्ग पर स्थित हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज अब पूरी तरह से बनकर तैयार होने की कगार पर है, लेकिन इसका लाभ आम जनता को कब मिलेगा, यह केवल मध्यप्रदेश सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के कार्यक्रम पर टिका हुआ है। बताया जा रहा है कि इस महत्वपूर्ण ओवरब्रिज का लोकार्पण लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह के करकमलों द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। विभागीय स्तर पर लोकार्पण समारोह के लिए मंत्री राकेश सिंह से समय भी मांगा जा चुका है। जैसे ही मंत्री जी की ओर से तारीख और समय की हरी झंडी मिलेगी, वैसे ही ब्रिज का औपचारिक उद्घाटन कर इसे आम यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। लेकिन वीआईपी प्रोटोकॉल और मंत्री जी के समय के इस इंतजार ने शहर के लोग की मुश्किलें बढ़ा



दी हैं। हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण लगभग पूरा होने के बावजूद इस पर बैरिकेडिंग लगाकर यातायात बंद रखा गया है। इसका सीधा खामियाजा रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, मरीजों और व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि जब भी हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक बंद होता है तो सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। लोगों को घंटों तक फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। इससे शहरवासियों में भारी आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब ब्रिज आवागमन के लायक बन चुका है तो इसे केवल फीता काटने के इंतजार में बंद रखना जनता के साथ अन्याय है। लोगों की मांग है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल ब्रिज से यातायात शुरू करवा देना चाहिए। मंत्री राकेश सिंह जब भी सीहोर आएं, तब औपचारिक रूप से इसका लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित कर लिया जाए।

नवंबर अंत तक पूरा होगा फंदा आरओबी

इसी मार्ग पर स्थित दूसरे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट फंदा ओवरब्रिज को लेकर ब्रिज कॉर्पोरेशन के इंजीनियर कैलाश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि फंदा ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी अब अपने अंतिम चरणों में पहुंच चुका है। पूरी कोशिश है कि बचा हुआ तकनीकी और फिनिशिंग का काम तेजी से निपटाया जाए। इंजीनियर वर्मा के मुताबिक नवंबर महीने के अंत तक फंदा ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरी तरह से पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके शुरू होने के बाद भोपाल से आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सकेगी। सीहोर शहर के पुराने इंदौर-भोपाल रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड फाटक और फंदा फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जनवरी 2024 में शुरू किया गया था। शुरुआत में तय समय-सीमा के मुताबिक इस पूरे प्रोजेक्ट को जून-जुलाई 2025 तक बनकर तैयार हो जाना चाहिए था। लेकिन निर्माण एजेंसी की भयंकर लेटलतीफी और सुस्त रफ्तार ने पूरे शेड्यूल को बिगाड़ कर रख दिया। बीच में एजेंसी द्वारा ईरान-इजराइल युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में डामर की आपूर्ति ठप होने जैसे बहानों का हवाला देकर प्रोजेक्ट को और लंबा खींचा गया।



खबर संक्षेप

आज ग्राम मांदला में लगेगी किसान चौपाल

हरदा। जिले में किसानों को शासकीय योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। आज खिरकिया विकासखंड के ग्राम मांदला में हाईस्कूल प्रांगण तथा 13 नवंबर को टिमरनी विकासखंड के ग्राम टेमागांव में हायर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में शाम 4 बजे से किसान चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण प्रकाश ठाकुर ने बताया कि किसान चौपाल में कृषि, पशु चिकित्सा, डेयरी, उद्यानिकी, विद्युत, राजस्व, ग्रामीण विकास, कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि अभियांत्रिकी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, नरवाई प्रबंधन, उन्नत बीज एवं खाद, उद्यानिकी फसलों के विस्तार, मछली पालन, पशुपालन, केसीसी और फसल ऋण सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही बिजली बिल संबंधी समस्याओं, सिंचाई, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा योजनाओं तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में भी बताया जाएगा। आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

आईटीआई में रोजगार मेला युवा संगम आज

हरदा। जिले के युवाओं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2 नवम्बर गुरुवार को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) हरदा में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा।

निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन आज

हरदा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम शुरू हो गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार नहीं बताया कि 12 नवंबर को निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया जाना है। इस हेतु गुरुवार को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी राजनीतिक दलों को पूरे पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया जाएगा। पनामावली की कॉपी प्रेस और मीडिया की उपस्थिति में दलों को दी जाएगी।

कल टेमागाव में लगाया जाएगा शिविर

हरदा। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत प्रत्येक शुक्रवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण कर रहे हैं। विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी से संबंधित सेवाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है। 13 नवम्बर को ग्राम टेमागाँव के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रांगण में शिविर आयोजित होगा, जिसमें भादूगांव, डोलरिया, कपासी, नांदवा, सिरकम्बा, टेमागांव, बोरी, कायरी, राजाबरारी व टेमरुबहार के ग्रामीण शामिल होंगे। इस शिविर में उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

6.51 ग्राम एमडी पाउडर के साथ एक गिरफ्तार

हरदा। जिले की सिविल लाइन थाना पुलिस ने 6.51 ग्राम एमडी पाउडर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, इसकी कीमत 65,100 रुपए है। एसडीपीओ शालिनी परस्ते ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान बैरागढ़ के सरकारी स्कूल के पास एक व्यक्ति संदिग्ध मिला। उसने अपना नाम मधुसूदन पिता नानकराम आंजने, उम्र 33 साल, निवासी ग्राम कांकरिया बताया। उसके पास एक पुड़िया में 6.51 ग्राम एमडी पाउडर मिला। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा को तत्काल पार्टी से बाहर करें: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा किसानों पर की गई टिप्पणी के विरोध में किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मायाराम यादव के नेतृत्व में गुरुवार को खिरकिया में पुतला दहन किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा कि कुछ दिन पहले सांसद जनार्दन मिश्रा ने किसानों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि किसान तीन माह खेती करते हैं और नौ माह शराब पीते हैं तथा ताश खेलते हैं। इस बयान से किसानों में आक्रोश है। उन्होंने मांग की कि जनार्दन मिश्रा को तत्काल पार्टी से बाहर किया जाए। सांई ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा पहले भी किसानों को लेकर आपत्तिजनक बयान दिए जाते रहे हैं। दिल्ली में किसान आंदोलन के दौरान आंदोलनकारियों को आतंकवादी और खालिस्तानी कहा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे बयानों से भाजपा का किसान विरोधी चेहरा उजागर हुआ है।

किसानों के अपमान के विरोध में खिरकिया में कांग्रेस ने फूंका पुतला



पुतला दहन के दौरान विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, सेवादल जिला अध्यक्ष आशुतोष कोठारी, ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सोलंकी, सोनतलाई ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र बिश्नोई, नगर अध्यक्ष असलम पठान, दुर्गादास पाटिल, विजय सूरमा, लोकेश जायसवाल, सुनील राजपूत, दिलीप सिंह राजपूत, प्रवीण पाटिल, भगवान वासले, हार्दिक जायसवाल, सुगन भंडारी, यतीन्द्र केसरवानी, सुमित ओंकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कमजोर परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों की होगी समीक्षा : कलेक्टर

यू-डाइस पोर्टल पर जानकारी देने में लापरवाही पर तीन को नोटिस थमाए



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

कलेक्टर कुमार सत्यम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरोत्तम भार्गव ने बुधवार को उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई विभाग की समीक्षा बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने तथा विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा की गुणात्मकता पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम कमजोर रहा है, उनकी विशेष समीक्षा कर परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। विद्यार्थियों की पढ़ाई की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा शिक्षकों की जिम्मेदारी तय की जाए। बैठक में यू-डाइस पोर्टल पर जानकारी के अध्ययन एवं संधारण में लापरवाही पाए जाने पर संकुल प्राचार्य हरदा, एपीसी हरदा एवं खामापड़वा हाईस्कूल के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संकुल प्राचार्य हरदा एवं एपीसी हरदा का सात दिन तथा खामापड़वा हाईस्कूल के प्राचार्य का एक माह का वेतन काटने की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना के तहत किसी भी स्कूल में पुस्तकें रखी न रहें। सभी विद्यार्थियों को समय पर पुस्तकें वितरित की जाएं। उन्होंने कहा कि नेटवर्क क्षेत्र में उपलब्ध होने के बावजूद ई- उपस्थिति दर्ज करने में लापरवाही करने वाले शिक्षकों का वेतन रोका जाए।

आईडी सुधार के लिए लगेंगे शिविर

कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों के आधार कार्ड एवं समग्र आईडी में सुधार तथा नवीन पंजीयन के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार करने एवं यू-डाइस पोर्टल पर प्रोफाइल अद्यतन में कोई दिक्कत न आए। उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, मेधावी विद्यार्थी योजना एवं आवास योजना के अंतर्गत सभी पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के आवेदनों का निराकरण एकल खिड़की व्यवस्था के माध्यम से कराया जाए, जिससे विद्यार्थियों को अनावश्यक रूप से चक्कर न लगाने पड़ें।

योजना की प्रगति की जानकारी ली

आईटीआई विभाग की समीक्षा के दौरान रोजगार मेलों के आयोजन एवं मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्राचार्य उपस्थित थे।

अबगांव खुर्द में कृषक चौपाल आयोजित

किसानों ने रखी अपनी समस्याएं अधिकारियों ने किया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों एवं आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज हरदा विकासखंड के ग्राम अबगांव खुर्द में कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शैलेन्द्र बडोनिया द्वारा की गई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण कृषक उपस्थित रहे। कृषक चौपाल के दौरान किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं अपेक्षाओं को प्रमुखता से रखा गया। किसानों ने कृषि विभाग, विद्युत विभाग, नल-जल योजना तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग से संबंधित समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया।

किसानों द्वारा कृषि संबंधी समस्याओं, रबी फसलों के लिए आवश्यक सुविधाओं एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। विद्युत आपूर्ति, कृषि कार्यों के लिए बिजली की उपलब्धता तथा नल-जल योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति से संबंधित विषय भी प्रमुखता से उठाए गए। अनुविभागीय अधिकारी श्री बडोनिया ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग प्राथमिकता के आधार पर उनका परीक्षण एवं निराकरण सुनिश्चित करें।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कृषक चौपाल प्रशासन एवं ग्रामीणों के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम बनी, जिसके माध्यम से स्थानीय समस्याओं को संबंधित विभागों के संज्ञान में लाकर उनके निराकरण की दिशा में पहल की गई।

भाई की आरती उतारी

बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगा मनाई भाई दूज



हरिभूमि न्यूज ⏭रहटगांव

क्षेत्र मे बुधवार को भाई दूज का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया। इस दौरान बहनों ने भाई को तिलक लगाकर आरती उतारकर उनके मंगल की कामना की। मिठाई सहित अन्य व्यंजन खिलाए। भाइयों ने बहनों को उपहार दिया। बहनों ने भाइयों की दीर्घायु व सफलता की कामना की इस दौरान एक दूसरे से मिलने जुड़ने के साथ दीपावली भाई दूज का शुभकामनाएं का भी दौर जारी रहा। जानकारी के मुताबिक पंडित निरज महाराज ने बताया की कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने अपने भाई यमराज को भोजन करने के लिए बुलाया तो यमराज मना न कर सके और बहन के घर चल पड़े। रास्ते में यमराज ने नरक में रहनेवाले जीवों को मुक्त कर दिया। भाई को देखते ही यमुना ने बहुत हर्षित हुई और भाई का स्वागत सत्कार किया। यमुना के प्रेम भरा भोजन ग्रहण करने के बाद प्रसन्न होकर यमराज ने बहन से कुछ मांगने को कहा। यमुना ने उनसे मांगा कि- आप प्रतिवर्ष इस दिन मेरे यहां भोजन करने आएंगे और इस दिन जो भाई अपनी बहन से मिलेगा और बहन अपने भाई को टीका करके भोजन कराएगी उसे आपका डर न रहे।

वनक्षेत्र तितरान्या में खुली शराब दुकान, आदिवासी संस्कृति व जीवन पर आघात

पेसा एक्ट और ग्रामसभा के अधिकारों पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭झिरन्या

मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पेसा एक्ट और ग्रामसभा के प्रावधानों को दरकिनार करने का एक और मामला सामने आया है। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में पहाड़ी एवं सघन वनक्षेत्र के तितरानिया में शासकीय कंपोजिट शराब दुकान खोल दी गई है। इसे आदिवासी समुदाय के नैसर्गिक जीवन, प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं और उनके संवैधानिक अधिकारों पर बड़ा आघात माना जा रहा है। इस मामले में वन, आबकारी एवं पुलिस विभाग की भूमिका और ग्रामसभा की अनुमति की प्रक्रिया पूरी तरह संदेह के घेरे में है। आदिवासी समुदाय में आदिम काल से ही महुआ, अनाज और ताड़ी आदि से पारंपरिक विधि से पेय तैयार करने और उसका उपयोग धार्मिक एवं सामाजिक रीति-रिवाजों में करने की परंपरा रही है। जन्म, मृत्यु, विवाह और फसल पकने के दौरान मनाए जाने वाले 'नवई' जैसे पर्वों में इस प्राकृतिक पेय का पूजन व प्रसाद के रूप में विशेष महत्व है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि इस सघन वनक्षेत्र में व्यावसायिक शराब दुकान खोलकर उन्हें महंगी शराब खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है, जिससे उनकी संस्कृति और परंपराओं का हनन हो रहा है।



इस वित्तीय वर्ष में बढ़ रही चिंता

सदैव स्वच्छंद और प्रकृति के करीब जीवन जीने वाले आदिवासी समुदाय के बीच इस तरह की व्यावसायिक गतिविधियों से गंभीर सामाजिक और आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जानकारों का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान इस प्रकार की दुकानें खुलने से एक आदिवासी-विरोधी माहौल बन रहा है, जिससे ग्रामीण न केवल आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं, बल्कि मानसिक प्रताड़ना का भी सामना कर रहे हैं।

क्या कहते हैं कानून और अधिकार?

पेसा एक्ट 1996 (धारा 4-ङ): इस अधिनियम के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा को अपनी सामाजिक परंपराओं की रक्षा करने, शराब दुकान खोलने या बंद करने, स्थान बदलने तथा मादक पदार्थों के सेवन व बिक्री को नियंत्रित करने के व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। वन अधिकार अधिनियम 2006: इसके अनुसार, वनग्रामों और संरक्षित वनक्षेत्रों में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि शुरू करने से पहले ग्रामसभा की स्पष्ट और लिखित सहमति अनिवार्य है। साथ ही, यह कानून वनों पर आश्रित समुदायों के सांस्कृतिक और जीवन-यापन के अधिकारों का संरक्षण करता है।

अनुमति और दस्तावेजों की पारदर्शिता पर संदेह

तितरानिया जैसी संवेदनशील वनग्राम पंचायत में शासकीय शराब दुकान की स्थापना के लिए निर्धारित कानूनी प्रक्रिया किन परिस्थितियों में पूरी की गई, यह एक बड़ा सवाल है। क्या वाकई ग्रामसभा की बैठक बुलाकर ग्रामीणों को विश्वास में लिया गया था, या फिर प्रभावशाली लोगों के दबाव में कागजी औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं? इस पूरे घटनाक्रम में शराब कारोबारी के साथ-साथ वन, आबकारी और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली भी संदेह के दायरे में है।

इनका कहना है

पूर्व में झिरन्या में कंपोजिट शराब दुकान संचालित हो रही थी, जिसका परिसीमन और प्रक्रिया का पालन कर, इस वित्तीय वर्ष में तितरानिया में शुरू की गई है।

सार्थक वर्मा, उप निरीक्षक, वृत्त भीकनगांववन विभाग

यदि पहाड़ी-वनक्षेत्र में शराब दुकान संचालित हो रही है, जो रेंज मुख्यालय भी है, तो इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बासु कनौजिया, वन संरक्षक, खंडवा वृत्त, खंडवा

मैंने अभी हाल ही में पदभार ग्रहण किया है और मेरी जानकारी में शराब दुकान संचालन की बात आई है। मैंने उनसे जानकारी मांगी है,लेकिन उन्होंने कोई जबाब नहीं दिया है।

हरेसिंह सोलंकी, रेंजर तितरान्या

ग्राम पंचायात ने शराब दुकान की सहमति दी है और एक किसान के खेत में दुकान संचालित हो रही है, यह मेरी जानकारी में है।

नरेंद्र पटेल, सरपंच-पुत्र, ग्राम पंचायत, तितरानिया झिरन्या

वन क्षेत्र में शराब दुकान खोलना गलत है,जिससे हमारे समाज के लोगों में शराब पीने की आदत बढ़ेगी। जिससे आसपास के गांवों के लोगों में असंतोष है, इसे बंद करना चाहिए।

राजेश ओहरे, जनपद सदस्य पति, तितरान्या पाडल्या

दीपावली पर बाजार में निकले नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर

आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव का पर्व दीपावली: प्रिंस

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

दीपावली के पावन पर्व पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहरवासियों के बीच पहुंचकर पर्व की खुशियां साझा कीं। दीपावली के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर पूरे शहर के बाजारों में निकले और विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर व्यापारियों, दुकानदारों, छोटे व्यवसायियों एवं आम नागरिकों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बाजार में जगह-जगह लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत किया।

प्रिंस राठौर ने दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और दीपावली के इस पावन अवसर पर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और रोशनी का पर्व नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और खुशियां बांटने का त्योहार है। सीहोर मेरा परिवार है और शहर का प्रत्येक नागरिक मेरे परिवार का हिस्सा है। मेरा प्रयास रहता है कि हर त्योहार पर शहरवासियों के बीच पहुंचकर उनकी खुशियों में शामिल होऊं। शहर के व्यापारी, छोटे दुकानदार, फुटकर व्यवसायी और मेहनतकश लोग शहर की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। त्योहारों की रौनक इन्हीं लोगों की मेहनत से बाजारों में दिखाई देती है।



सपेरा समाज पहुंचा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

शिकारपुर में रहने वाली अनुसूचित जाति की बुजुर्ग बसंती बाई पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश एएसपी डॉ प्रशांत चौबे ने कोतवाली थाना पुलिस को दिए। सपेरा समाज के लोग बड़ी संख्या में मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और यहां पर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एएसपी प्रशांत चौबे को ज्ञापन दिया। घायल वृद्ध महिला की बहु फरियादियां पूजाबाई ने एएसपी को घटना से जुड़े वीडियो भी दिखाएं। सपेरा समाज के लोगों ने न्याय दिलाने के साथ संरक्षण प्रदान करते हुए बेधड़क घूम रहे दबंग हमलावरों को गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही करने की मांग की जिस पर एएसपी गिरीश दुबे को कॉल किया और आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पूजाबाई पति सोनु सपेरा ने बताया कि हमारी जमीन शिव वर्मा की जमीन से लगी हुई है। सोमवार सुबह शिव वर्मा व उनका भाई सुरेश वर्मा हमारे पड़ाव वाले खेत की मेड़ के पास खंभे गाड़ रहे थे। मेरी सास बसंती बाई ने इसका विरोध किया। आरोपियों ने बसंती बाई को गालियां देते हुए सुरेश वर्मा ने हाथ में रखे लोहे के संभल से मेरी सास के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया।

